हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 27 जून 2025

तापमान
अधिकतम 38.4 डिग्री
न्यूनतम 22.1 डिग्री

14 स्टांप ड्यूटी से मिले 17 करोड़, गांवों में विकास कार्य करवाने...



14 रेबीज इंजेक्शन खत्म होने के चलते मरीजों की बढ़ी परेशानी



## खबर संक्षेप

### जिला कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आज

**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि जिला के आमजन की शिकायतों और समस्याओं के समाधान हेतु जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 27 जून को दोपहर 12 बजे लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरकार के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री तथा जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष गौरव गौतम करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में कुल 23 परिवादों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है, जिनका निपटारा राज्यमंत्री गौरव गौतम की अध्यक्षता में किया जाएगा।

### ट्रेन की चपेट में आने से 71 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**गोहाना।** गुरुवार सुबह जींद-गोहाना रेलवे मार्ग पर ट्रेन की चपेट में आने से गांव ईशापुर खेड़ी निवासी रणबीर पुत्र हीरा सिंह (71) की मौत हो गई। जीआरपी ने बुजुर्ग के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

ग्रामीण रणबीर रोजाना सुबह घर से बाहर घूमने के लिए जाते थे। गुरुवार सुबह वह रेलवे लाइन की तरफ घूमने गए थे। कानों से कम सुनाई देने के कारण उनको ट्रेन की आवाज सुनाई नहीं दी और वे जींद से गोहाना की तरफ आ रही ट्रेन की चपेट में आ गए।

### शराब की अवैध तस्करी में संलिप्त आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम ने अवैध शराब तस्करी की घटना मे संलिप्त आरोपित रोई जिला सोनीपत निवासी हर्ष उर्फ शेरा पुत्र नसीब को गिरफ्तार किया है। 7 अप्रैल 2025 को क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम मे नियुक्त सहायक उप निरिक्षक अजय अपनी पुलिस टीम के गश्त के दौरान गांव बड़ौता में मौजूद थे। तभी उनको खुफिया जानकारी प्राप्त हुई कि गांव बीधल में डिस्पैंसरी की दीवार के पास एक पिकअप खड़ी है जिसमें अवैध शराब है। पुलिस ने पिकअप में रखी 200 पेटी पव्वा अवैध शराब बरामद की।

### एकेडमिक कैलेंडर तैयार करने को लेकर मीटिंग

**सोनीपत।** डीसीआरयूएसटी, मुरथल में आज एकेडमिक कैलेंडर तैयार करने की मीटिंग हुई। जिसमें विश्वविद्यालय के बाहर से विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया गया। साथ में संबंधित कॉलेज के प्रिंसिपल व डायरेक्टर ने भी मीटिंग में भाग लिया। एकेडमिक कैलेंडर में यह सुनिश्चित किया गया है कि परीक्षा समाप्त होने के दो सप्ताह बाद परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को भविष्य की योजना बनाने में आसानी होगी। परीक्षा तिथि को भी दुरुस्त किया गया है।

कार्यालय में काम कर रहे दो कर्मचारी घायल, उपचार के लिए अस्पताल में लेकर पहुंचे अन्य कर्मचारी

# बस स्टैंड परिसर में स्थित इमारत की हालत जर्जर, कर्मचारियों पर गिरा छत से प्लास्टर

नए बस स्टैंड परिसर जाट जोशी गांव में होना है तैयार, अधर में लटकी है फाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत





**सोनीपत।** परिसर में मेज व कुर्सी पर पड़ा छत का मलबा व काम करते हुए कर्मचारी।

शहर के बीचों-बीच स्थित बस स्टैंड परिसर में बनी इमारत की हालत जर्जर हालत में पहुंच चुकी है। ईमारत के अंदर स्थित अलग-अलग विभागों में कार्य करने वाले रोडवेज कर्मचारियों को जान जोखिम में डालकर काम करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। बृहस्पतिवार को परिसर में स्थित स्थापना शाखा की छत का प्लास्टर कार्यालय में काम कर रहे कर्मचारियों के ऊपर गिर गया। कर्मचारियों को घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी मिल गई। बस स्टैंड को शहर से शिफ्ट करने की फाइल सालों से अधर में लटकी पड़ी है। नए बस स्टैंड का निर्माण गांव जाट जोशी में होना है।

- डर के साए में कार्य करने पर मजबूर रोडवेज कर्मचारी, किसी भी समय हो सकता है बड़ा हादसा

बता दें कि बस स्टैंड परिसर में प्रथम तल पर स्थित स्थापना शाखा में कर्मचारी हर रोज की तरह बृहस्पतिवार को कार्य करने के लिए पहुंचे। काम करते समय कर्मचारियों के सिर पर छत के लेंटर का मलबा गिर गया। मलबा गिरने से दो कर्मचारी घायल हो गए। जिसके बाद घटना परिसर में आग की तरह फैल गई। शाखा में कार्य कर रहे डिस्पैच महिला शैंकी, चपरासी सपना और डाक कर्मचारी राहुल मौजूद थे। छत से गिरे प्लास्टर की चपेट में सपना और राहुल आ गए। सपना को कमर और पीठ में चोट आई है जबकि राहुल को हाथ और अन्य अंगों में अंदरूनी चोट लगी। दोनों को प्राथमिक उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को छुट्टी मिल गई।

#### नए बस स्टैंड की फाइल अधर में लटकी

शहर के बीचों-बीच अन्य राज्यों व जिलों से आने वाली बसों को शहर में जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। नए बस स्टैंड को बनाने के लिए साल 2018 में सोनीपत के जाट जोशी क्षेत्र में 9.33 एकड़ जमीन अधिग्रहित की गई थी। तब से अब तक परिवहन मंत्री द्वारा कई बार नए बस स्टैंड निर्माण की घोषणा की गई, लेकिन यह योजना अब तक कागजों में ही अटकी हुई है। फाइल प्रदेश के मुखिया के पास होने की बात कर्मचारियों द्वारा की जा रही है। ऐसे में मंजूरी मिलने के बाद नए बस स्टैंड का रास्ता साफ हो सकेगा।

#### डर के साए में ड्यूटी करने पर मजबूर

मिली जानकारी के अनुसार बस स्टैंड परिसर में स्थित इमारत काफी पुरानी हो चुकी है। परिसर में छत से गिरने की घटना से कर्मचारी घबराए हुए है। स्थापना शाखा में काम करने वाले कर्मचारियों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार प्लास्टर गिरने की घटनाएं हो चुकी है, लेकिन आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। ऐसे में अगर कोई बड़ा हादसा होता है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा।

#### परिसर में अन्य शाखाओं में हो चुकी घटनाएं

बस स्टैंड पर सिर्फ स्थापना शाखा ही नहीं बल्कि मेडिकल बिल शाखा, ऑडिट शाखा और दिल्ली बूथ जैसी अन्य शाखाओं में भी छत का प्लास्टर समय-समय पर गिरता रहता है। यह स्पष्ट संकेत है कि पूरी इमारत जर्जर अवस्था में है और किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें आठ से दस घंटे शाखाओं में काम करना पड़ता है। इस संबंध में प्रबंधन से लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है।




**सोनीपत।** प्रथम तल पर स्थित स्थापना शाखा।

#### अधिकारियों को करवा चुके अवगत

इमारत काफी पुरानी हो चुकी है। छत से मलबा बार-बार गिर जाता है। ईमारत का मरम्मत कार्य भी करवाया जाता है, लेकिन काफी पूरानी होने के चलते समस्या बनी रहती है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है।

**-संजय सिंह महाप्रबंधक रोडवेज विभाग सोनीपत।**



**सोनीपत।** टीम के द्वारा बरामद किए गए जेवरात।

## बंद घरों से जेवरात व नकदी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

नाबालिग सहित आरोपित किए गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपितो को अदालत में किया पेश, एक को बाल सुधार गृह व दूसरे को जेल भेजा
- आरोपितो के पास से लाखों रुपये कीमत के जेवरात व हजारों रुपये की राशि बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में बंद घरों से ताला तोड़कर जेवरात व नकदी चोरी करने के गिरोह का पर्दाफाश किया है। सेक्टर-27 क्राइम यूनिट ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक आरोपित नाबालिग है। गिरफ्तार आरोपित रवि उर्फ बड़का निवासी शाहपुर पटोरी समस्तीपुर बिहार हाल में कोट मोहल्ला सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से नाबालिग को बाल सुधार गृह व दूसरे आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोपितो के पास से लाखों रुपये कीमत के चोरी किए जेवरात व नकदी बरामद की है। पुलिस गिरोह में शामिल अन्य आरोपितो की तलाश कर रही है। गली नंबर-4 आदर्श नगर निवासी नवीन कुमार ने बताया कि गत 16 जून की रात करीब 11:45 बजे वह अपनी मां निर्मला, पत्नी दिव्या और बेटी के साथ हरिद्वार गया था। 17 जून की शाम करीब 6:30 बजे जब वे वापस घर पहुंचे, तो कमरे का ताला टूटा हुआ मिला और सारा सामान बिखरा पड़ा था। सामान की जांच की तो घर से एक मटर माला, एक गलसरी, एक बाले की जोड़ी, अंगूठी, झुमकी, हथफुल, तागड़ी और एक सोने का कड़ा गायब मिला। इसके अलावा चांदी के दो कड़े, एक ब्रेसलेट, बीस-बीस ग्राम के चार सिक्के, एक-एक रुपये के बीस सिक्के, दो जोड़े कड़ुली और चार जोड़ी चांद-सूरज भी चोरी हो गए थे। वहीं, अलमारी से करीब डेढ़ लाख रुपये नकद भी गायब थे। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर वारदात स्थल से नमूने एकत्रित किए। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले को सेक्टर-27 क्राइम यूनिट को सौंपा गया। उप निरीक्षक अनिल कुमार की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितो को गिरफ्तार कर लिया।

#### लाखों रुपये कीमत के जेवरात व राशि बरामद

*एसीपी अजीत ने कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि आरोपितो के साथ वारदात को अंजाम देने वालों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपितो के पास से चोरीशुदा एक मटरमाला (सोने की), एक कड़ा (सोने का), एक हाथ फूल (चांदी का), एक तगड़ी (चांदी की), एक गलसरी सोना, एक जोड़ी झुमके सोना, एक ब्रेसलेट चांदी, एक सिक्का चांदी 20 ग्राम, एक सिक्का चांदी 10 ग्राम , दो कडुली चांदी, 12000 रुपये नगद, एक मोटरसाइकिल व घटना मे प्रयोग एक व्हील पाना बरामद किया है।*

## योगशालाओं की बदहाल स्थिति, आयुर्वेदिक अधिकारी ने टीम के साथ किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पूरे विश्व में योग का डंका बज रहा है। गत 21 जून को प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर बड़े स्तर पर योग दिवस मनाया गया। जिले में योग को बढ़ावा देने व योग को जीवन में अपनाने के लिए लोगों को जागरूक करने काम किया जा रहा है। लेकिन योग करने वाली योगशालाओं की हालत बेहद खराब है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. राम अवतार सिंह ने आयुष विभाग के अधिकारी डा. सुरेश दुग्गल डा. नासिर के साथ सभी योगशालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान योग सहायकों ने अधिकारियों को कई समस्याओं से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान योगशालाओं में प्रवेश द्वार, फर्श, शेड और खिड़की-दरवाजे टूटी हालत में पाए गए। अधिकतर योगशालाओं में हॉल तक नहीं मिले। वहीं शौचालयों की स्थिति बेहद खराब मिली। बिजली और पानी की व्यवस्था न होने से परिसर में लगे पौधे सूख पाए गए। इसके अलावा पैदल रास्ते व मैदानों में खरपतवार और काटेदार झाड़ियां उगी हुई हैं, जिससे आवागमन कठिन हो गया है। योगशालाओं के सुचारू संचालन और साफ-सफाई के लिए एक चौकीदार व माली की आवश्यकता बताई गई है। निरीक्षण के उपरांत डॉ. राम अवतार सिंह ने योगशालाओं की दयनीय स्थिति से महानिदेशक आयुष, हरियाणा (पंचकूला) को पत्र लिखकर अवगत कराया है और समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है।



**सोनीपत।** आयुष विभाग के अधिकारी और कर्मचारी निरीक्षण करते हुए।

## शाहपुर में बिछाएंगे पाइपलाइन, गंदे पानी से मिलेगा छुटकारा

- मेयर राजीव जैन ने दिए पाइपलाइन बिछाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** शाहपुर गांव में निरीक्षण करते हुए मेयर राजीव जैन।

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने शाहपुर गांव में तालाब ओवरफ्लो होकर गंदा पानी घरों में घुसने की समस्या के स्थायी समाधान के लिए अहम कदम उठाए हैं। उन्होंने अधिकारियों को तालाब से सेक्टर 10 तक पाइपलाइन बिछाने की संभावनाएं तलाशने और जल्द कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। मेयर राजीव जैन ने नगर निगम अधिकारियों के साथ गांव का दौरा किया और ग्रामीणों से बातचीत की।

ग्रामीणों ने बताया कि पहले तालाब के ओवरफ्लो पानी को ट्रैक्टर मोटरों के माध्यम से निकाला जाता था, लेकिन ओमेक्स सिटी के निवासियों की आपत्ति के बाद यह व्यवस्था बंद हो गई है, जिससे जलभराव की समस्या और विकराल हो गई है। इसके समाधान हेतु मेयर ने पाइपलाइन बिछाने को एकमात्र स्थायी उपाय बताया।

साथ ही उन्होंने गांव की जर्जर हो चुकी बैकवर्ड चौपाल के पुनर्निर्माण, खाद गड्ढों में बने मकानों के मालिकाना हक देने और गांव की गलियों के पुनर्निर्माण का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर पार्षद लाला मुनीराम, जय प्रकाश शर्मा, जय नारायण, जयकांत शर्मा, डॉ. बंसीलाल, आनंद कटारिया, सुरेंद्र कटारिया, रमेश कटारिया और नरेश कटारिया समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

#### जलभराव के खिलाफ त्वरित कार्रवाई

गुरुद्वारा रोड स्थित दुकानों के सामने जलभराव की समस्या को भी मेयर ने गंभीरता से लिया। मौके पर पहुंचे मेयर ने दुकानदारों के साथ निरीक्षण किया और तुरंत समाधान के निर्देश दिए। सीवर मैनहोल पर जाली लगाने और गली के अंदर दब चुके मैनहोल को पुनः निर्माण करवाने का आदेश दिया गया। मौके पर ही कार्य शुरू करवा दिया गया। मेयर राजीव जैन ने कहा कि जलभराव की समस्या को न्यूनतम करने के लिए नगर निगम लगातार प्रयासरत है। इस दौरान दुकानदार मुकेश ठक्कर, संजीव बत्रा, विजय, हेमंत ग्रोवर, धीरज रेलन, गौरव, रवि और ब्रह्मदत्त समेत अनेक व्यापारी मौजूद रहे।



**सोनीपत।** उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए नांगल कलां गांव के ग्रामीण।

## प्लॉटों की रजिस्ट्री व कब्जे की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

- नांगल कला के बीपीएल परिवारों ने जिला उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नांगल कलां गांव के बीपीएल परिवारों ने सोमवार को जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए अपनी 100-100 गज के प्लॉटों पर कब्जा दिलवाकर रजिस्ट्री करवाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने जिला उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि गरीब परिवार कई वर्षों से अपने हक के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन प्रशासन उनकी सुनवाई नहीं कर रहा। उन्होंने कहा कि यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि मुख्यमंत्री एक तरफ गरीबों को उनका हक देने की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर अधिकारी उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहे।

सुबह से ही तेज धूप निकलने से वातावरण गर्म रहा

# उमस भरी गर्मी से परेशानी, 28 से 30 जून तक बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



गर्मी के चलते मुंह और सिर को ढक कर जाती युवतियां।



शहर में दोपहर के समय निकली तेज धूप।

शहरवासियों को गुरुवार को भी चिलचिलाती धूप और भीषण उमस से राहत नहीं मिल सकी। सुबह से ही तेज धूप निकलने से वातावरण गर्म रहा, जबकि दोपहर तक आसमान में कई बार बादल छाए, लेकिन बरसात नहीं हुई। धूप और उमस के इस मिलेजुले असर से लोग बेहाल नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से ऊपर है। हल्की हवा चलने के बावजूद उमस ने लोगों को परेशान किए रखा। बाजारों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर निकले लोग गर्मी से बचने के लिए छांव और पानी की तलाश करते दिखे। इस बीच मौसम विभाग ने 28, 29 और 30 जून के लिए जिले में येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, इन तीन दिनों के दौरान पश्चिमी विक्षोभ और मानसूनी प्रभाव के कारण हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। साथ ही कुछ क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बारिश भी हो सकती है। प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने, निचले इलाकों में जलभराव से सावधानी बरतने और आवश्यकतानुसार घरों से बाहर निकलने की सलाह दी है। आने वाली बारिश से तापमान में गिरावट और गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद की जा रही है।

#### जल्द राहत के संकेत

बढ़ती गर्मी और उमस के बीच मौसम विभाग की यह भविष्यवाणी लोगों के लिए राहतभरी खबर लेकर आई है। किसान वर्ग भी आगामी वर्षा से लाभ की उम्मीद लगाए हुए है, जिससे फसलों की बुआई में तेजी आ सकेगी।

अनोखे पक्षी / रजनी अरोड़ा

बच्चो, तुमने आसमान में उड़ते हुए छोटे-बड़े कई तरह के पक्षी देखे होंगे। छोटे पक्षी तो फुर्र-फुर्र आसानी से इधर-उधर उड़ लेते हैं। लेकिन दुनिया में कई बड़े आकार के भी ऐसे पक्षी हैं, जो बहुत तेज गति से उड़ते हैं और लंबी दूरियां तय करते हैं। यहां हम तुम्हें कुछ बहुत ही तेज गति से उड़ने वाले बिग बर्ड्स के बारे में बता रहे हैं।

# तेज गति से उड़ने वाले बिग बर्ड्स



### स्पर-विंग गूस

**इसे दुनिया** के सबसे बड़े हंस प्रजाति के पक्षी रूप में जाना जाता है। एडल्ट स्पर-विंग गूस, लगभग 75 सेंटीमीटर लंबा और 4.8 किग्रा वजन का होता है। 142 किमी या 88 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ने की क्षमता के कारण इसकी गिनती दुनिया की सबसे तेज उड़ने वाले पक्षियों में होती है। यह मुख्यतः उप सहारा अफ्रीका के झीलों, नदियों के पास जमीन पर बनाए घोंसलों में रहते हैं। *



### पिनटेल डक

इस पक्षी के पूंछ के पंख सिरे पर पिन की तरह लंबे और पतले होते हैं, इसीलिए इसे 'प्वॉइंटी डक' भी कहा जाता है। पिनटेल डक के पंखों का फैलाव 23.28 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह 105 किमी या 65 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ये यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका के देशों में बड़ी तादाद में पाए जाते हैं। *



### स्पाइन-टेल्ड स्विफ्ट

171 किलोमीटर (105 मील) प्रति घंटा की स्पीड से उड़ान भरने वाले स्पाइन-टेल्ड स्विफ्ट, दुनिया की सबसे तेज उड़ने वाली बर्ड्स में से एक है। काले रंग के स्विफ्ट बर्ड के गले पर सफेद रंग के बाल होते हैं, इसलिए इसे 'व्हाइट थ्रोटेड नीडल टेल' के नाम से भी जाना जाता है। ये पक्षी मध्य एशिया, साइबेरिया, पूर्वी और उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं। जमीन पर उतरने के बजाय ये अपना अधिकांश जीवन उड़ते हुए और पहाड़ों पर बनाए अपने घोंसले में बिताते हैं। ये आसमान में उड़ने वाली छोटी बर्ड्स और कीड़े खाते हैं। *

### फ्रिगेट बर्ड

समुद्री जीवों में फ्रेगाटा परिवार की पांच प्रजातियों में से एक है फ्रिगेट बर्ड। ये पक्षी 153 किमी (95 मील) प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ये आकार में काफी बड़े होते हैं, जिससे ये न तो पानी में आसानी से तैर पाते हैं और न ही जमीन पर चल पाते हैं। लेकिन ये बहुत तेजी से समुद्र में डाइव लगाकर मछलियों, जेली फिश, स्क्विड जैसे समुद्री जंतुओं का शिकार कर लेते हैं। नर फ्रिगेट पक्षी के गले में लाल थैली होती है, जिसे वह मादा फ्रिगेट को आकर्षित करने के लिए फुलाता है। फ्रिगेट बर्ड्स, ज्यादातर मध्य और उत्तरी अमेरिका के देशों में पाए जाते हैं। *




### ऐडर डक

बड़े आकार के समुद्री बत्तखों में ऐडर डक को भी शामिल करते हैं। ये डक 50 सेंटीमीटर से भी अधिक लंबे हो सकते हैं और 113 किमी या 70 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ऐडर डक मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका, उत्तरी यूरोप और पूर्वी साइबेरिया के उत्तरी भाग में पाए जाते हैं। *




### रेड चेस्ट डाइविंग डक

अपनी दांतदार चोंच के कारण ये पक्षी 'मरगस सरेटर' नाम से भी जाने जाते हैं। ये 51.62 सेंटीमीटर तक लंबे हो सकते हैं। इसके पंखों का फैलाव 70.86 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह डक 129 किमी या 80 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकता है। रेड चेस्ट डक पानी के अंदर डाइव लगाकर काफी देर तक रह सकता है। ये पक्षी मछलियां, कीड़े और मेंढक आदि खाते हैं। यह डक मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका, ग्रीनलैंड, यूरोप और एशिया के देशों में मिलते हैं। *



### कैनवास बैक डक

यह उत्तरी अमेरिका के देशों में पाया जाने वाला सबसे बड़े आकार का डाइविंग डक है। यह लगभग 80 सेंटीमीटर तक लंबा हो सकता है और इसके पंखों का फैलाव 48.56 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह 124 किमी या 77 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकता है। इनकी खासियत है कि ये अपने साथियों के साथ झुंड में वी-शेप बनाकर आकाश में उड़ते हैं। ये जलीय वनस्पति खाते हैं। सर्दियों के दौरान यह मिसीसिपी नदी के आस-पास के गर्म इलाकों में माइग्रेट करते हैं। *



जानकारी / नयनतारा

# कब की जाती है मेडे कॉल

बच्चो, पिछले दिनों अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश की दुर्घटना के बाद न्यूज चैनल्स, न्यूज पेपर्स और सोशल मीडिया पर तुम बार-बार एक शब्द 'मेडे कॉल' के बारे में सुन या पढ़ रहे होगे। क्या तुम जानते हो यह कॉल क्या होती है और कब की जाती है?



बच्चो, बीते 12 जून 2025 को अहमदाबाद (गुजरात) में एयर इंडिया का एक एयरो प्लेन एआई 171 उड़ान भरने के कुछ पलों बाद ही क्रैश हो गया था। प्लेन क्रैश से कुछ समय पहले प्लेन के कैप्टन यानी पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर से संपर्क करते हुए 'मेडे कॉल' जारी की थी। जानो 'मेडे कॉल' के बारे में।

**कहां से आया टर्म 'मेडे':** यह शब्द फ्रेंच भाषा के प्रचलित फ्रेज 'म'आइडर' से बना है, जिसका अर्थ होता है 'हेल्प मी' यानी मेरी मदद करो। चूंकि यह फ्रेंच फ्रेज सुनने में 'मेडे' जैसा प्रतीत होता है, इसलिए 'म'आइडर' की जगह 'मेडे' प्रचलित हो गया। अब तो हवाई उड़ान के दौरान आई इमरजेंसी से संबंधित 'मेडे' शब्द को दुनिया के लगभग सभी देशों के लोग समझते हैं। प्रायः हर देश और हर कंपनी की विमान सेवा में इमरजेंसी मैसेज के लिए 'मेडे कॉल' टर्म का ही यूज किया जाता है।



**ऐसे हुई मेडे कॉल की ऑफिसियल शुरुआत:** इस शब्द की शुरुआत 1923 में लंदन के क्रायडन एयरपोर्ट के वरिष्ठ रेडियो अधिकारी फ्रेडरिक मोकफोर्ड के आग्रह पर हुई और 1948 में इसे आधिकारिक (ऑफिसियल) बना दिया गया।

**क्यों कहते हैं इसे मेडे कॉल:** प्लेन की उड़ान के दौरान जब पायलट को लगता है कि एयरो प्लेन खतरे में है, तो वह 'मेडे, मेडे, मेडे...' पुकारता है। यह संकट में दिया गया रेडियो सिग्नल है। जैसे ही एयर ट्रैफिक नियंत्रण करने वाले 'मेडे कॉल' को सुनते हैं, वे जान जाते हैं कि एयरो प्लेन संकट में है और उसे मदद की जरूरत है।

**तब करते हैं मेडे कॉल:** मेडे कॉल एक आपात संदेश (इमरजेंसी मैसेज) होता है। इसे एयरो प्लेन का पायलट उस समय करता है, जब विमान किसी गंभीर संकट में हो और यात्रियों या क्रू मेंबर्स की जान को खतरा हो। विमान का इंजन फेल होना, खराब मौसम, नेविगेशन सिस्टम की विफलता, किसी यात्री की अचानक तबियत खराब हो जाना या पायलट द्वारा हवाई जहाज का नियंत्रण खो देना... इस तरह की आपात कालीन परिस्थितियों में मेडे कॉल किया जाता है। *

तुम्हारे लिए नई किताबें / विज्ञान भूषण

## जानवरों-पक्षियों पर कविताएं

बच्चो, तुम अपने आस-पास कई तरह के जानवरों और पक्षियों को देखते होगे। कुछ जानवर और पक्षी तुमने चिड़ियाघर यानी जू में देखे होंगे। लेकिन उनमें से कई जानवर और पक्षी ऐसे होंगे, जिनके बारे में तुम बिल्कुल नहीं या बहुत कम जानते हो। हाल में ही दो ऐसी नई किताबें छपकर आई हैं, जिनमें अनेक पालतू और जंगली पशु-पक्षियों के बारे में कविता के माध्यम से जानकारी दी गई है। 'कितने प्यारे जानवर हमारे' और 'कितने प्यारे पंछी हमारे' शीर्षक वाली इन किताबों में प्रसिद्ध बाल साहित्यकार डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल ने सरल और प्यारी कविताओं में देश-दुनिया में पाए जाने वाले कई पशु-पक्षियों के आकार, उनकी शारीरिक विशेषताओं, उनके स्वभाव, उनके निवास और उनसे जुड़ी कहावतों की जानकारियां दी हैं। मोर कविता में वह लिखते हैं, *'राष्ट्रीय पक्षी भारत का/कहा मोर ही जाता/सुंदर पंखों के कारण है/मन को बेहद भाता।'* तो गौरैया कविता में लिखते हैं, *'इधर-उधर जब चहका करती/लगती प्यारी-प्यारी/गौरैया अब संख्या में कम/चिंता बढ़ी हमारी।'* इसी तरह भालू कविता में वे लिखते हैं, *'बजा डुगडुगी खूब मदारी/इसको नाच नचाता/भालू खुश होकर बच्चों के/मन को है बहलाता।'* ऐसी ही बहुत सी कविताएं इन दोनों किताबों में संकलित हैं। इन कविताओं को पढ़ने में तुमको सच में बहुत मजा तो आएगा ही, ढेरों जानवरों, पक्षियों के बारे में काफी कुछ जानने को भी मिलेगा। *




**किताबें :** 'कितने प्यारे जानवर हमारे' और 'कितने प्यारे पंछी हमारे'
**लेखक :** डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल, **मूल्य :** 150 रुपए (प्रत्येक)
**प्रकाशक :** सूर्य भारती प्रकाशन, दिल्ली

## जीतू को आई समझ

जीतू का पढ़ाई में बिल्कुल मन नहीं लगता था। लेकिन खेलने में खूब मजा आता था। अक्सर अपने मम्मी-पापा से बिना बताए वह स्कूल बंक करके पार्क में बच्चों के साथ क्रिकेट खेलने लगता। लेकिन एक दिन शूज पॉलिश करने वाले एक बूढ़े बाबा ने उससे कुछ ऐसा कहा कि जीतू ने मन लगाकर पढ़ाई करने का संकल्प कर लिया।



कहानी
सरस्वती रमेश

जीतू के मम्मी-पापा मजदूरी करते हैं। सुबह-सुबह जीतू की मम्मी उसे तैयार कर स्कूल भेज देती हैं। उसके बाद पापा के साथ वह भी काम पर चली जाती हैं। जीतू का पढ़ाई में बिल्कुल भी मन नहीं लगता। उसका स्कूल जाने का भी मन नहीं करता है। स्कूल के पास ही एक बड़ा-सा मैदान है। वहां ढेरों बच्चे खेलते रहते हैं। उनको देखकर जीतू का भी मन करता है कि वह भी स्कूल जाने के बजाय उन बच्चों के साथ खेले।

एक दिन जीतू स्कूल जा रहा था। मैदान में बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। तभी गेंद उसके सामने आ गिरी। खेल रहे बच्चे चिल्लाने लगे, 'गेंद फेंको.. गेंद फेंको।' जीतू ने गेंद उनकी तरफ फेंक दी फिर कुछ देर वहीं खड़े होकर उन बच्चों का खेल देखने लगा। थोड़ी देर बाद क्रिकेट खेल रहे बच्चों के पास जाकर जीतू बोला, 'मुझे भी अपने साथ में क्रिकेट खेलने दो।'

'ठीक है, वहां फील्डिंग पर लग जाओ।' बैटिंग कर रहे लड़के ने इशारा करते हुए जीतू से कहा। जीतू खुश हो गया। उसे खेलने में बड़ा मजा आ रहा था। खेलते-खेलते दोपहर हो गई। बच्चे अपने-अपने घर जाने लगे। जीतू भी बस्ता टांग कर अपने घर वापस लौट आया।

अगले दिन से जीतू स्कूल जाने के लिए घर से निकलता लेकिन स्कूल जाने के बजाय मैदान में बच्चों के साथ खेलने लगता। खेलने में उसे बड़ा मजा आता। अब न पढ़ाई का प्रेशर था, न होमवर्क करने की चिंता। रोज-रोज स्कूल बंक कर बच्चों के साथ खेलना उसकी आदत बन गई।

मैदान के बगल वाली सड़क पर एक बूढ़े बाबा जूते पॉलिश करते थे। आते-जाते जीतू उन्हें रोज देखता। एक दिन जीतू खेलने के बाद घर जा रहा था। उसने देखा कि बूढ़े बाबा किताब पढ़ रहे हैं। उसे बड़ा आश्चर्य हुआ। वह उनके पास जाकर बोला, 'बाबा, आप तो जूते पॉलिश करने का काम करते हैं। आज आप किताब क्यों पढ़ रहे हैं?'

'क्योंकि मैं जान गया हूं कि पढ़ाई-लिखाई जीवन में बहुत जरूरी है।' बाबा ने कहा। 'कैसे जान गए... ऐसा क्या हुआ?' जीतू ने हैरानी से पूछा।

'बेटा, मैं सिर्फ दूसरी कक्षा तक पढ़ा हूं। अक्षर पहचान लेता हूं। लेकिन अच्छी तरह पढ़ना नहीं जानता। मेरे पोते को कुछ दिनों से खांसी आ रही थी। दवा का नाम ना पढ़ पाने के कारण मैंने उसे खांसी की दवा पिलाने की बजाय घाव साफ करने वाली दवा पिला दी, जिससे मेरे पोते की तबियत और बिगड़ गई। उसे अस्पताल ले जाना पड़ा। असल में दोनों दवाओं का रंग एक जैसा था। मुझे समझ नहीं आया। अगर मैं पढ़ा-लिखा होता तो यह गलती कभी ना होती। दवा का नाम पढ़ लेता। अब मेरा पोता ठीक हो गया है। मैंने उसका दाखिला स्कूल में करा दिया है और अपने लिए भी किताबें खरीद लाया हूं। खाली समय में अब मैं भी किताबें पढ़ता हूं।' बूढ़े बाबा ने बताया।

'लेकिन मुझे तो पढ़ना बिल्कुल पसंद नहीं है। पढ़ाई के लिए तो बहुत मेहनत करनी पड़ती है, बहुत दिमाग खपाना पड़ता है। इसलिए मैं स्कूल जाने की बजाय यहां पार्क में खेलने चला आता हूं।' जीतू ने बताया।

जीतू की बात सुनकर बाबा ने उसे समझाते हुए कहा, 'बेटा, मेहनत और लगन से पढ़ाई-लिखाई करने वाले आगे चलकर अच्छे और सफल इंसान बनते हैं। देश के लोगों की सेवा करते हैं। सेना में भर्ती होते हैं, पुलिस बनते हैं, डॉक्टर या इंजीनियर बनते हैं। पढ़-लिखकर बहुत-से अच्छे काम किए जा सकते हैं, जो बिना पढ़े-लिखे संभव नहीं है। तुमको स्कूल जरूर जाना चाहिए।'

बाबा की बातें सुनकर जीतू सोच में पड़ गया। उसके मम्मी-पापा को भी पढ़ना नहीं आता। इसलिए उन्हें धूप में मजदूरी करनी पड़ती है। अगर स्कूल नहीं जाएगा, तो वह भी अनपढ़ रह जाएगा। जरूरत पड़ने पर दवाइयों के नाम भी नहीं पढ़ पाएगा। ऐसे तो बड़े होकर उसे भी मजदूरी जैसा कोई काम करना पड़ेगा। जीतू को अपने स्कूल बंक करने की आदत पर बहुत पछतावा होने लगा। 'बाबा, अब मैं रोज स्कूल जाऊंगा। मन लगाकर पढ़ाई करूंगा। बड़ा होकर डॉक्टर बनूंगा।' जीतू ने जोश के साथ बूढ़े बाबा से कहा।

'शाबाश! बहुत बढ़िया। खूब पढ़ो.. आगे बढ़ो।' बाबा ने जीतू के सिर पर हाथ रखकर कहा। *

कविता
सिराज अहमद



## टुक टुक टुक

चला सैर को बंटी बंदर
बहुत दिनों था घर के अंदर
कैब फोन से कर ली बुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
विंडो के फिर पास बैठकर
पैर चढ़ाकर एक पैर पर
बाहर करता लुक लुक लुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
दिखा रास्ते में एक हाथी
था उसका बचपन का साथी
हाल-चाल पूछा फिर रुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
दिनभर करके सैर सपाटा
खाते-पीते मौज उड़ाता
लौटा घर को पढ़ते बुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक

## जीके क्विज-159



1. आईसीसी की ताजा रैंकिंग के अनुसार विश्व की बेस्ट वन-डे महिला बैटर कौन बनी हैं?
2. हाल ही में किस देश ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया है?
3. हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल का क्या नाम है?
4. रातापानी टाइगर रिजर्व किस प्रदेश में स्थित है?
5. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
6. ज्ञानपीठ पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
7. विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है?
8. 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
9. हर वर्ष निकाली जाने वाली रथ यात्रा का संबंध किस मंदिर से है?
10. हमारा पड़ोसी देश श्रीलंका किस महासागर के बीच में स्थित है?

बच्चों, जीके क्विज-159 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-158 का उत्तर :** 1.महेंद्र सिंह धोनी, 2.ऋषभदेव, 3.जम्मू-कश्मीर, 4.छत्तीसगढ़, 5.कार्बन डाइऑक्साइड, 6.केराटिन, 7. 1576 ई., 8. 1 जुलाई, 9.प्लैटिनम, 10.बछेंद्री पाल

**जीके क्विज-158 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-रायगढ़, ममता-सीतापुर, लालिमा-गरियाबंद, राम-राजनांदगांव, सौम्या-रायगढ़, कबीर-हिसार, मीनाक्षी-रायपुर, पंकज-भोपाल, अनुज-बेमेतरा, प्रियंका-बिलासपुर, कुश-महासमुंद

## रंग भरो-178

**रंग भरो-178** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




शौर्य, रोहतक


भव्या, बिलासपुर


तन्वी, रोहतक


वेदिका, बालोद


रेयांश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रितेश-मटियारी, प्रिया-रायपुर, संतोष-भोपाल, अमन-रोहतक, रुचि-जबलपुर, निखिल-महासमुंद, अंचित-रायगढ़, कविता-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, लक्ष्य-कोरबा


समृद्धि, शहडोल

## रंग भरो 179

बच्चो, यहां दो बिल्लियों का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### गुणों को पहचान कर अवगुणों को बाहर निकालें: उपेंद्र मुनि

**गन्नौर।** गन्नौर मंडी के जैन स्थानक में वीरवार को पंडित रत्न आचार्य उपेंद्र मुनि महाराज का आगमन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और प्रवचनों का लाभ लिया। महाराज उपेंद्र मुनि ने जीवन विकास के सूत्र विषय पर अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने बताया कि जीवन में सफलता और आत्मिक उन्नति के लिए समझ, जिम्मेदारी, दूरदृष्टि, गंभीरता, विश्वसनीयता, ईमानदारी और बहादुरी आवश्यक है।

### नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**सोनीपत।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के तत्वावधान में नई आशा नशा मुक्ति सेंटर, नया सवेरा रिहैबिलिटेशन सेंटर में अधिवक्ता विक्रम सैनी व अधिवक्ता विनोद शर्मा तथा अधिवक्ता नवीन रातेवाल द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य मुख्य रूप से नशे के प्रभाव को रोकना तथा जागरूकता फैलाकर लोगों को जागरूक करना है।

### बॉक्सिंग प्रतियोगिता में फलक ने जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत।** रोहतक में 19 जून, 25 जून तक 6वीं जूनियर (अंडर 17) नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के 2 बॉक्सरों ने खेलते हुए 2 पदक जीते। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि 48 किलो भारवर्ग में खेलते फलक ने अपने सेमीफाइनल मुक़ाबले में मणिपुर के अंबेकर को 0-5 के स्कोर से हराकर अपने फाइनल मुक़ाबले में उत्तराखंड के प्रियांशु वर्मा को 5-0 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक व 52 किलो भारवर्ग में खेलते मिलन ने अपने क्वार्टरफाइनल मुक़ाबले में उत्तराखंड के हिमांशु सिंह को हराकर कांस्य पदक जीतकर अपनी एकेडमी का नाम रोशन किया।

### कांग्रेस को और मजबूत बनाने के लिए काम करें

**गोहाना।** हरियाणा महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष नीलम बाल्यान, सोनीपत शहरी इकाई महिला कांग्रेस की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ. पूनम दहिया व वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कमला मलिक ने गुरुवार को बरोदा विस के विधायक इंदुराज नरवाल से गांव रिंढाणा में निवास पर मुलाकात की। विधायक ने महिला पदाधिकारियों के साथ पार्टी के संगठन की मजबूती को लेकर विचारविमर्श किया।

### नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया

**गोहाना।** पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा जिले में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों और खेल अकादमियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस क्रम मे गुरुवार को गांव खानपुर कलां में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) ऋषिकांत ने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों बारे अवगत करवाया।

### समर कैंप में बच्चों ने सीखा खाना बनाना

**सोनीपत।** स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा संचालित संचित पाठशाला में चल रहे तीन दिवसीय समर कैंप के दूसरे दिन बच्चों के लिए कुकिंग विदाउट फायर गतिविधि का आयोजन किया गया। इस विशेष सत्र में बच्चों ने भेलपूरी, सैंडविच, चाट, मोजितो, कोल्ड कॉफी और मैक्सिकन सलाद जैसी स्वादिष्ट और सरल खाद्य वस्तुएं तैयार कीं। बच्चों ने कहा कि उन्हें यह गतिविधि बेहद रोचक लगी और अब वे घर जाकर अपने परिवार को भी यह सब बनाकर खिलाएंगे।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**गन्नौर ।** बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रत्येक गांव में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति गठित की जाएगी। इस संबंध में खंड विकास एवं पंचायत विभाग के सभागार में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## महाविद्यालयों में पहली कटऑफ जारी, 30 जून तक जमा करवाएं फीस

# बीएससी लाइफ साइंस की 60.2 और बीकाम की 60.0 प्रतिशत रही कट आफ

## जिले के 23 राजकीय, निजी व एडिड कालेजों में 13562 सीटों पर चलेगी दाखिला प्रक्रिया




**महाविद्यालयों में जारी न्यूनतम मेरिट लिस्ट**

| कोर्स | कट आफ |
|---|---|
| **हिंदू महाविद्यालय** | |
| बीए | 49.0 |
| बीबीए | 53.0 |
| बीकाम | 59.6 |
| बीकाम सेल्फ फाइनेंस | 60.0 |
| बीएससी लाइफ साइंस | 58.6 |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 51.2 |
| **जीवीएम कन्या महाविद्यालय** | |
| बीए | 55.6 |
| बीए भूगोल आनर्स | 60.2 |
| बीबीए | 59.0 |
| बीकाम एडिड | 59.6 |
| बीकाम सेल्फ फाइनेंस | 60.0 |
| बीसीए | 56.0 |
| बीएससी लाइफ साइंस | 60.2 |
| बीएससी होम साइंस | 51.6 |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 60.8 |
| बीएससी बायोटेक | 72.8 |
| **टीकाराम कन्या महाविद्यालय** | |
| बीए | 60.2 |
| बीकाम | 64.2 |
| बीसीए | 45.6 |
| बीएससी स्पोटर्स साइंस | 51.6 |
| **सीआरए कालेज** | |
| बीए | 49.8 |
| बीए आनर्स (पोल. साइंस) | 59.8 |
| बी.काम | 56.4 |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 58.6 |
| बीएससी लाइफ साइंस | 60.2 |
| **बलिदानी दलबीर सिंह कालेज, पिपली** | |
| बीए | 46.0 |
| बी.काम | 57.4 |
| बीएससी | 60.0 |

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जिले के हजारों छात्रों का कॉलेज में दाखिले का इंतजार गुरुवार को खत्म हो गया। उच्चतर शिक्षा विभाग ने स्नातक प्रथम वर्ष के लिए पहली कटऑफ लिस्ट जारी कर दी है। अब जिन विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आया है, वे 30 जून तक फीस जमा कराकर अपना दाखिला सुनिश्चित कर सकते हैं। इस बार जिले के 23 राजकीय, निजी और एडिड कॉलेजों में कुल 13,562 सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया जारी है। विभाग ने पहले प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी की थी ताकि किसी गलती की स्थिति में सुधार किया जा सके। गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे फाइनल कटऑफ लिस्ट जारी की गई। जीवीएम कन्या महाविद्यालय में बीएससी लाइफ साइंस की कटऑफ सबसे अधिक 60.2% रही।

### समय पर प्रक्रिया पूरी करने की सलाह

जिन विद्यार्थियों का नाम पहली कटऑफ में आया है, वे 30 जून तक ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से फीस जमा कर सकते हैं। सभी को समय पर प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी जाती है। *नरेश कुमार, प्राचार्य, राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत।*

### ऑनलाइन और ऑफलाइन विकल्प

उच्चतर शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए फीस भरने के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों विकल्प प्रदान किए हैं। जिन छात्रों के लिए कॉलेज आना संभव नहीं, वे पोर्टल पर लॉगिन कर ऑनलाइन फीस जमा कर सकते हैं। हालांकि उन्हें बाद में कॉलेज में दस्तावेज सत्यापन करवाना जरूरी होगा।

### हिंदू कॉलेज में बीएससी लाइफ साइंस की कटऑफ 58.6% और बीकॉम की 59.6% रही

जबकि बीकॉम सेल्फ फाइनेंस की कटऑफ भी 60% पर जाकर रुकी। हिंदू कॉलेज में बीएससी लाइफ साइंस की कटऑफ 58.6% और बीकॉम की 59.6% रही। अन्य कॉलेजों में भी साइंस और कॉमर्स कोर्सेज की कटऑफ लगभग 60 प्रतिशत के आसपास बनी रही।




खरखौदा। महाविद्यालय का प्रवेश द्वार।

## खरखौदा का कन्या महाविद्यालय बना राजकीय कन्या महाविद्यालय

- मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा

गुरुवार का दिन खरखौदा क्षेत्र के लिए सौभाग्यशाली रहा। लोगों की लंबे समय से मांग रही है कि कन्या महाविद्यालय को सरकारी कालेज बनाया जाए। यही कारण है कि विधायक पवन खरखौदा ने भी क्षेत्र के लोगों की मांग को विधानसभा में पुरजोर तरीके से उठाया था। वीरवार को प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कैबिनेट की बैठक में घोषणा करते कहा कि खरखौदा के कन्या महाविद्यालय को सरकारी कालेज का दर्जा दिया गया है। इस घोषणा के बाद क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

बता दें कि इस क्षेत्र की बेटियों को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 1993 में समाजसेवियों के सहयोग से कन्या महाविद्यालय की शुरू की गई थी। जिसमें ब्राह्मण ठोला, महाजन ठोला व सैनी ठोला के प्रबुद्ध लोगों ने विचार विमर्श करके महाविद्यालय को जमीन दान दी थी। लेकिन लंबे अरसे से कन्या महाविद्यालय को सरकारी कालेज दर्जा नहीं मिल पाया था। वर्ष 1993 में यह विद्यालय केवल बैचलर ऑफ आर्ट के साथ शुरू किया गया था। वर्ष 1999 में बैचलर ऑफ़ कॉमर्स का पाठ्यक्रम शुरू किया गया। जिसे कन्या महाविद्यालय खरखौदा के रूप में मान्यता मिली। वर्ष 2003 में सी डबल प्लस एनएएसी की मान्यता मिली। वर्ष 2005 में एमडीयू से स्थाई संबद्धता व यूजीसी सेक्शन 2 के तहत संबद्धता मिली। वर्ष 2006 में यूजीसी सेक्शन 12 बी के तहत संबद्धता मिली। वर्ष 2008 में बीबीए और बीसीए कार्यक्रम शुरू किए गए। वर्ष 2009 में यूजीसी दिल्ली से दो ऐड ऑन कोर्स शुरू किए गए। वर्ष 2010 में यूजीसी दिल्ली से ड्रेस डिजाइनिंग और कंप्यूटर कोर्स शुरू किए गए। वर्ष 2013 में एम ए हिंदी ,एम ए भूगोल, एम कॉम और योग विज्ञान में पीजी शुरू किया गया। वर्ष 2015 में महाविद्यालय को ए ग्रेड के साथ, एमएससी में पीजी कार्यक्रम शुरू किया गया।

### मन की बात कार्यक्रम 100 % देखने का लक्ष्य

**सोनीपत।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के लोकसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा के नेतृत्व में वीरवार को जिला कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक मंडल अध्यक्ष, मंडल संयोजक और मंडल प्रभारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र भारतीय ने भी संबोधित किया। कहा कि पिछले महीने सोनीपत लोकसभा के अन्तर्गत जींद जिला और गोहाना जिला में 100 % बूथों पर कार्यक्रम सुना गया और सरल एप पर अपलोड भी किया गया। इसी प्रकार सोनीपत जिले में 88 % बूथों पर कार्यक्रम सुना गया। इस बार 29 जून को मन की बात के कार्यक्रम को सोनीपत में भी 100 प्रतिशत देखने और अपलोड करने का लक्ष्य रखा गया।



समारोह में छत्रपति साहूजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते।

### तस्करी निषेध दिवस मनाया

**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल में बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन एवं तस्करी निषेध दिवस मनाया गया। इस दौरान अस्पताल परिसर से विवेकानंद चौक तक स्वास्थ्य कर्मियों की तरफ से जागरूकता रैली निकाली गई। उप सिविल सर्जन डा. योगेश गोयल व डा. तरुण यादव ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। आईसीटीसी काउंसलर सरोज बाला ने बताया कि नशा करने से मनुष्य को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक व सामाजिक रूप से कमजोर बनाता है। इससे मनुष्य का ही नहीं, उसके परिवार का सामाजिक पतन होता है। वहीं, उप सिविल सर्जन डा. तरुण यादव ने बताया कि जिला नागरिक अस्पताल में ओएसटी सेंटर का संचालन किया जा रहा है। जिसमें नशा छुड़ाने के लिए आने वाले मरीजों को इलाज के लिए मुफ्त दवाएं दी जाती है। उप सिविल सर्जन डा. योगेश गोयल ने नशे से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी दी। एसटीआई काउंसलर सुरेंद्र सोलंकी, मुकेश, निशा, सीमा, मंजू, प्रदीप गौड़, समुद्र हुड्डा भी मौजूद रहे।



सोनीपत। भेड़ के सामने बीन बजाकर विरोध प्रदर्शन करते।



कार्यक्रम में पहुंचें वक्ताओं का स्वागत करते आजाद सिंह एवं अन्य।

### छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती मनाई

**गोहाना।** शहर में महम रोड स्थित गांधीनगर की रविदास चौपाल में गुरुवार को छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती मनाई गई। समारोह में नागरिकों ने छत्रपति साहूजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देश भक्त मोर्चा के जिला कार्यकारिणी सदस्य सतवीर पौडिया ने कहा कि छत्रपति साहूजी महाराज एक आदर्श दार्शनिक राजा थे। 19वीं शताब्दी के अंतिम दौर में छत्रपति शाहूजी महाराज को अपने प्रजातांत्रिक मूल्यों और सामाजिक न्याय के लिए जाना जाता है। फूले दंपति द्वारा शूद्रों और स्त्रियों की शिक्षा के लिए किए गए कार्य से प्रेरित होकर छत्रपति शाहूजी ने राज्य में आधुनिक शिक्षा लागू की। प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य और निःशुल्क कर दिया था। समारोह की अध्यक्षता मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। उन्होंने कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के मसीहा थे। वे देश के पहले ऐसे राजा थे जिन्होंने 1902 में पिछड़े वर्गों के लिए नौकरियां और शिक्षा में 50 % आरक्षण का कोटा लागू किया था। वेदपाल बीरवाल, नारायण सिंहमार, पूर्णमल चहल, श्रीभगवान कलसन, राजेश बाजवान, राजेंद्र मौजूद रहे।




सोनीपत। रैली को हरी झंडी दिखाते स्वास्थ्य अधिकारी।

### अनोखे तरीके से किया प्रदर्शन

**सोनीपत।** जिला परिषद की बैठक के बाहर गुरुवार को अनोखा दृश्य देखने को मिला, जब जिला पार्षद संजय बड़वासानिया एक भेड़ लेकर आए और उसके सामने बीन बजाते हुए सरकार को जगाने का प्रतीकात्मक प्रयास किया। उन्होंने कहा कि सरकार जिला परिषद जैसी पंचायती राज की सर्वोच्च संस्था को धीरे-धीरे खत्म कर रही है। वर्तमान में पार्षद अपने वार्ड में 1 भी विकास कार्य के लिए खर्च नहीं कर पा रहे हैं। संजय बड़वासनिया ने राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और यूपी की तर्ज पर हरियाणा में भी जिला परिषद को मजबूत करने की मांग की। उन्होंने जिला प्लान कमेटी के पुनर्गठन की मांग करते हुए बताया कि पहले इस कमेटी में जिला परिषद के 15 सदस्य होते थे, लेकिन अब इसे ही समाप्त कर दिया गया है। साथ ही जिला परिषद का स्पष्ट प्रोटोकॉल जारी करने की भी मांग की गई।



खरखौदा। फीता काटकर स्टाल का उद्घाटन करते विधायक पवन खरखौदा।

### लक्ष्य के साथ शुरू किया मिठाई बनाना

**खरखौदा।** सैदपुर गोशाला में राकेश मलिक द्वारा शुद्ध खांड, शुद्ध देसी घी व कोयले की भट्ठी पर बनी मिठाइयां बेचकर गोशाला के लिए 20 लाख रुपये एकत्रित कर दान देने की योजना बनाई है। गुरुवार को खरखौदा विधायक पवन खरखौदा ने फीता काटकर स्टॉल का शुभारंभ किया। कहा कि राकेश मलिक पूरी आमदनी गोशाला के लिए दान देता है। जबकि कुछ लोग इसी तरह का आडंबर कर सड़कों पर स्टाल लगाए बैठे हैं। घटिया सामग्री प्रयोग करने वालों पर सरकार छापामारी भी करेगी। सैदपुर गोशाला की गुणवत्ता यहां गोशाला के प्रतिनिधियों की निगरानी में रहती है। यहां पर किसी भी तरह की घटिया सामग्री स्वयं गोशाला ही नहीं लगने देगी और ना ही राकेश घटिया सामग्री प्रयोग करते हैं। इस बार 20 लाख से ज्यादा रुपये गोशाला को दान करने का लक्ष्य लेकर राकेश मलिक ने 32 भट्ठियां लगाई हैं। कई क्विंटल देसी खांड विभिन्न प्रदेशों से मंगाई है। इस बार 70 कारीगर लगे हैं। इससे पहले राकेश एक करोड़ से ज्यादा की राशि गोशाला व गुरुकुलों में दान कर चुके हैं।

## गोहाना से यूपी में अलीगढ़ तक किसान क्रांति यात्रा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

भारत ग्राम उद्योग संघ द्वारा गुरुवार को गोहाना से यूपी में अलीगढ़ तक किसान क्रांति यात्रा शुरू की गई। भारत उदय अभियान के अंतर्गत इस यात्रा का समापन 7 नवंबर को होगा। यात्रा के समापन पर अलीगढ़ के गांव नाह में भारत स्वाभीमान ट्रस्ट के राष्ट्रीय महासचिव राजीव दीक्षित की जन्मभूमि पर राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें किसानों की मांगें उठाई जाएंगी। किसान क्रांति यात्रा की अगुवाई तस्वीर फौगाट कर रहे हैं। यात्रा के माध्यम से वह देशवासियों को 7 नवंबर को राजीव दीक्षित की जन्मस्थली गांव नाह में प्रस्तावित राष्ट्रीय कार्यक्रम का निमंत्रण देंगे। यात्रा के शुभारंभ पर भारत ग्राम उद्योग संघ के व्यवस्थापक पं. रामकुमार शास्त्री ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यक्रम में किसानों की मांगों को उठाया जाएगा। उनके अनुसार इससे पहले साइकिल पर डेढ़ लाख किलोमीटर स्वदेशी यात्रा का रिकॉर्ड भी तस्वीर फौगाट के नाम है जो वर्ष 2016 से वर्ष 2023 तक 7 वर्षों में पूर्ण हुई थी।



गोहाना। यात्रा का शुभारंभ करते भारत ग्राम उद्योग संघ के प्रतिनिधि।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित साध संगत। फोटो :हरिभूमि

### बाबा बंदा सिंह बहादुर को किया नमन

**सोनीपत।** सेक्टर-15 स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब में शनिवार को सिख इतिहास के महान योद्धा बाबा बंदा सिंह बहादुर जी का शहीदी दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अमृतसर से आई ढाडी जत्था बीबी सुमनदीप कौर मान ने वीर रस से भरपूर कथा और कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को भाव-विभोर कर दिया। गुरुद्वारा साहिब में संगत को संबोधित करते हुए बताया गया कि बाबा बंदा सिंह बहादुर का जन्म 1670 में जम्मू-कश्मीर के रियासी क्षेत्र में लक्ष्मण देव के रूप में हुआ। युवावस्था में उन्होंने बैरागी मत अपनाकर नाम माधव दास बैरागी रखा। दक्षिण भारत में गुरु गोविंद सिंह जी से भेंट के बाद वे सिख धर्म में दीक्षित और उन्हें बाबा बंदा सिंह बहादुर नाम दिया गया। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें पांच तीर और पांच सिखों के साथ पंजाब भेजा, जहां एक शक्तिशाली सेना संगठित की और सरहिंद फतह कर साहिबजादों की शहादत का बदला लिया। उन्होंने पंजाब में कई युद्धों का नेतृत्व करते हुए सिख राज्य की नींव रखी। अंततः 1716 में दिल्ली में उन्हें गिरफ्तार कर शहीद कर दिया गया।

**कार्यक्रम** इंडियन मॉडर्न स्कूल में दो दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन

कार्यशाला का विषय लाइफ स्किल्स एवं नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क रहा

## नैतिक मूल्यों की अनुपस्थिति असमानता भेदभाव और अन्यान्य को देती है जन्म

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

इंडियन मॉडर्न स्कूल में सीबीएसई द्वारा निर्देशित क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण की दो दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन किया गया। कार्यशाला का विषय लाइफ स्किल्स एवं नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क रहा। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों शिक्षकों एवं विद्यालय समुदाय को कोर वैल्यूज़ और एथिक्स एवं 'प्रोफेशनल ग्रोथ और डेवलपमेंट' के प्रति जागरूक करना तथा जीवन कौशल मूल्य और नैतिकता की एवं नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यशाला का शुभारंभ प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह गाहल्याण द्वारा दीप प्रज्वलन और स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा – 'मूल-मूल्य और नैतिकता' एवं 'व्यावसायिक वृद्धि और विकास' केवल एक विचार नहीं बल्कि एक व्यवहार हैं, जो शिक्षा को जीवंत बनाते हैं। इसे हमें अपने जीवन एवं शिक्षा में आत्मसात करना चाहिए। प्रशिक्षण कार्यशाला का संचालन 25 जून को शैला गोयल व 26 जून को मीनाक्षी सरोहा द्वारा किया गया। उन्होंने शिक्षकों के साथ रचनात्मक व संवादात्मक शैली में यह स्पष्ट किया कि नैतिक मूल्यों की अनुपस्थिति समाज में असमानता, भेदभाव और अन्यान्य को जन्म देती है तथा व्यावसायिक वृद्धि और विकास रहित शिक्षा से समाज में बेगारी, भ्रष्टाचार, बेरोज़गारी आदि पनपती है। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों जैसे–केस स्ट्डीज़ और समूह चर्चाओं के माध्यम से यह बताया कि कैसे हम दैनिक जीवन में व्यावसायिक वृद्धि और विकास एवं नैतिक मूल्यों को अपनाकर एक समावेशी और संवेदनशील समाज की स्थापना कर सकते हैं। कार्यशाला में शिक्षकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। अंत में प्रधानाचार्य ने दोनों शिक्षकविदों का धन्यवाद किया।



सोनीपत। इंडियन स्कूल में कार्यशाला में शामिल प्रतिभागी साथ में अन्य।




खरखौदा। प्रतिभागियों को सम्मानित करते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

### शिविर में 900 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया

**खरखौदा। देश की युवा शक्ति को आत्मनिर्भर, राष्ट्रभक्त और नेतृत्व सक्षम** बनाने की दिशा में सूर्या फाउंडेशन, झिंझौली द्वारा संचालित व्यक्तित्व विकास शिविर एक सशक्त जनआंदोलन का रूप ले चुका है। मार्च से जून माह तक देश के विभिन्न स्थलों पर आयोजित आवासीय शिविरों में 900 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। महाराष्ट्र के जामनेर स्थित लॉर्ड गणेशा इंग्लिश स्कूल में 126, छत्रपति संभाजी नगर के आर्य चाणक्य विद्याधाम में 64, जलगांव के विवेकानंद प्रतिष्ठान में 60, मध्यप्रदेश के सीहोर कन्या शिक्षा परिसर में 120, आगर मालवा के कामधेनु अभ्यारण्य में 91, झिंझौली सूर्या साधना स्थली में आयोजित किए गए। शिविर में कन्या शिक्षा परिसर की 73 लड़कियों ने भाग लिया। ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय आयोजित किए गए दो शिविरों में क्रमशः 73, 102 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। पिछले वर्ष के शिविरों से चुने गए । इस शिविर में चुने जाने वाले बच्चों को स्कॉलरशिप के साथ साथ सूर्या फाउंडेशन में ट्रेनर बनने का अवसर भी मिलेगा। इसके अतिरिक्त गुजरात के अरवल्ली जिले में श्यामला के पास स्थित पीएम श्री एकलव्य सैनिक स्कूल में 240 बच्चों ने भाग लिया।

# स्टांप ड्यूटी से मिले 17 करोड़, गांवों में विकास कार्य करवाने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला परिषद की बैठक में एक बार फिर भ्रष्टाचार का मुद्दा गुंजा। पार्षदों ने स्वच्छता अभियान के तहत गांवों में बनाए गए शौचालयों के निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए जांच की मांग उठाई। वहीं पार्षदों ने बैठक में चेतावनी भी दी की अगर गांवों में काम नहीं कराया गया तो वे सरकारी कार्यालयों पर ताला जड़ देंगे। इस दौरान स्टांप ड्यूटी से मिले 17 करोड़ रुपये को गांवों में विकास कार्य कराने का भी निर्णय लिया गया। जिसको लेकर जिला पार्षदों को निर्देश दिए गए हैं कि वे एक सप्ताह में विकास कार्यों की सूची मांगी गई है।

- जिला परिषद की बैठक में पार्षदों ने दी चेतावनी, गांवों में विकास कार्य नहीं हुए तो जड़ देंगे ताला

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जरूरतमंदों को दूसरी किश्त जारी करने की उठाई मांग

### अधिकारियों पर समय से कार्य न करने का लगाया आरोप

डीआरडीए हॉल में चेयरमैन मोनिका दहिया की अध्यक्षता में जिला परिषद की बैठक हुई। बैठक में पार्षदों ने अधिकारियों पर समय पर काम ना करने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जरूरतमंदों को घर बनाने के लिए सरकार आर्थिक सहायता दे रही है। पात्र परिवारों ने अपने घर बनाने शुरू कर दिए, लेकिन एक किश्त के बाद दूसरी किश्त न मिलने से उनका निर्माण कार्य अटक गया। ऐसे में उनकी छत भी छीन गई। कई परिवार खुले आसमान के नीचे सोने के लिए मजबूर है। जल्द योजना की दूसरी किश्त जारी की जाए। जिला पार्षद संजय बड़वासनी, रवि इंदौरा और राजेश गंगाना ने प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त की राशि जल्द जारी करने, थरिया और नांगल गांव में बीपीएल परिवारों को प्लॉट देने, खारे पानी से परेशान शहजादपुर व थरिया में ट्यूबवेल लगवाने, मुरथल रोड स्थित जिला परिषद की दुकानों का किराया मार्केट रेट पर तय करने और स्वच्छता अभियान की जांच की मांग उठाई। साथ ही सोनीपत से खानपुर तक लड़कियों के लिए विशेष बस सेवा शुरू करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार उनकी कोटा निधारित करने की मांग को पूरा नहीं करती है, जब तक विरोध जारी रहेगा। इस दौरान डीडीपीओ जितेंद्र कुमार, सभी वार्डों के जिला पार्षद, सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



सोनीपत। बैठक के दौरान परिषद चेयरपर्सन साथ में सीईओ एवं अन्य और अपनी बात रखते हुए पार्षद।

### समस्याओं के जल्द समाधान का करें प्रयास

जिला परिषद के सीईओ अभय जांगड़ा ने बिजली, पानी व आम रास्तों के लिए सरकार से बजट जारी हो गया है, उन कार्यों को आपसी समन्वय व समय से पूरा करने का प्रयास करें। बैठक में बिजली, पीडब्ल्यूडी व रोडवेज विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए की वे आम जनता की समस्याओं का समाधान जल्दी करने का प्रयास करें।
-अभय जांगड़ा, सीईओ, जिला परिषद

### दुकानों के किराये को लेकर भी सवाल किया खड़ा

मार्केट रेट से प्राप्त करें किराया पार्षदों ने मुरथल रोड पर जिला परिषद की दुकानों के किराये को लेकर भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि उक्त दुकानों पर मार्केट रेट के हिसाब से किराया प्राप्त करना चाहिए, लेकिन मौजूदा समय में मार्केट रेट से चार गुणा कम किराया लिया जा रहा है, जिसके कारण जिला परिषद को आर्थिक नुकसान पहुंच रहा है। वहीं, विकास कार्यों के मुद्दे पर मुरथल खंड से एसडीओ के साथ जिला पार्षदों की बहस भी हुई।

## खबर संक्षेप



### वांछित अभियुक्त की तलाश में रोहना पहुंची यूपी पुलिस

खरखौदा। खरखौदा थाना क्षेत्र के गांव रोहना का रहने वाला दीपक वांछित अभियुक्त है। मुकदमा अपराध संख्या 24 / 24 धारा 60/ 72 आबकारी अधिनियम व419 420 467 471 आईपीसी से संबंधित वांछित अभियुक्त दीपक के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा जारी 82 सीआरपीसी के अनुपालना में उत्तर प्रदेश पुलिस टीम ने उपनिरीक्षक की अगुवाई में संभावित स्थानों पर तलाश किया, लेकिन मौजूद नहीं मिला।

### पुराने तहसील भवन का किया निरीक्षण

गन्नौर । नायब तहसीलदार गजे सिंह ने वीरवार को पुराने तहसील भवन का निरक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुराने तहसील कार्यालय में पटवार खानों की जांच की। जांच के दौरान पटवारखानों में किसी तरह का बाहरी हस्तक्षेप नहीं मिला। इस दौरान एक पटवारी सुशील नदारद मिला, जो छुट्टी पर था। जबकि बाकी सभी 9 पटवारी और दोनों कानूनगो अपने कार्यालय में उपस्थित पाए गए।

## पीड़ितों को इंजेक्शन बाहर से खरीदने पर होना पड़ रहा मजबूर

# रेबीज इंजेक्शन खत्म होने के चलते मरीजों की बढ़ी परेशानी

*दो दिन में इंजेक्शन आपूर्ति का किया था दावा लेकिन चार दिन बाद भी समस्या ज्यों की त्यों*

- नागरिक अस्पताल में जानवरों के काटने से रोजाना पहुंचते है 70 से 80 मरीज
- मरीजों की मांग, जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिक अस्पताल में एंटी रेबीज इंजेक्शन की कमी से मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। अस्पताल में एंटी रैबीज इंजेक्शन खत्म हो चुके हैं, जिससे मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। प्रबंधन की तरफ से गत कई दिनों से आपातकालीन कक्ष या अन्य सीएचसी व पीएचसी पर रखे स्टॉट को मंगवाकर काम चलाने की खानापूर्ति की जा रही है। अस्पताल में आने वाले मरीजों को दुखी होकर नरेला राजा हरिश्चंद्र अस्पताल व महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चक्कर काटने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

बता दें कि नागरिक सोनीपत में चूहा, बिल्ली, कुत्ते, बंदर व अन्य जानवर के काटने जाने पर नागरिक अस्पताल में 100 रुपये प्रति डोज का खर्च लिया जाता है। अस्पताल में दिन भर में जानवरों के काटने जाने पर आसपास के गांवों के रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अस्पताल में चार दिनों से रेबीज का इंजेक्शन खत्म है। मरीजों को एंटी रैबीज इंजेक्शन नहीं मिलने से अन्य अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। अस्पताल प्रशासन ने दो दिन में इंजेक्शन की आपूर्ति का दावा किया था, लेकिन चार दिन बाद भी स्थिति जस की तस है।



सोनीपत। इंजेक्शन रूम में पूछताछ करते हुए महिला

### मरीजों को खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा

अस्पताल में रोजाना 70 से 80 मरीज एंटी रैबीज इंजेक्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन स्टॉक खत्म होने के कारण उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। बृहस्पतिवार को अस्पताल में इंजेक्शन लगवाने पहुंची रोशनी व राजपति ने बताया कि चिकित्सक के बताए अनुसार व घर से आज इंजेक्शन लगवाने के लिए अस्पताल में पहुंचे, लेकिन उन्हें जानकारी मिली कि इंजेक्शन खत्म है। ऐसे में उन्हें बाहर से निजी मेडिकल स्टोर से महंगे दामों में इंजेक्शन खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है। या उन्हें दिल्ली के नरेला स्थित राजा हरिश्चंद्र अस्पताल व महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में जाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। मरीजों ने मांग की है कि जल्द से जल्द इंजेक्शन उपलब्ध करवाए जाएं, ताकि किसी की जान खतरे में न पड़े। मरीजों को इस समस्या से निजात दिलाने की अपील की है।


सोनीपत। इंजेक्शन लगवाने पहुंची महिलाएं।

### इंजेक्शन जल्द होंगे उपलब्ध

मुख्यालय में एंटी रैबिट इंजेक्शन खत्म होने की सूचना दे दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही मरीजों को एंटी-रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध करवा दिए जाएंगे, जिससे मरीजों को राहत मिलेगी। उच्च अधिकारी अगर लोकल परचेज करने की अनुमति देंगे को खरीद की जायेगी। मरीजों की सुविधा के लिए हरसंभव कदम उठाने का काम प्रबंधन की तरफ से किया जा रहा है।
**डा. संदीप लठवाल,** मीडिया नोडल अधिकारी सोनीपत।

## राठधना गांव में श्री शिव रामेश्वर धाम मंदिर निर्माण का मामला

# कोर्ट का फैसला मानेंगे, नगर निगम की जबरदस्ती बर्दाश्त नहीं : ग्रामीण


सोनीपत। निर्माणाधीन मंदिर के बाहर इकट्ठा हुए ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

श्री शिव रामेश्वरम धाम मंदिर परिसर में रविवार को राठधना आदर्श ग्राम सुधार समिति की बैठक समिति प्रधान चौधरी अत्तर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सरोहा खाप के अधीन आने वाले 12 गांवों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य मुद्दा गांव राठधना की मुश्तर्का मालकान जमीन पर चल रहे श्री शिव रामेश्वरम धाम मंदिर निर्माण को लेकर नगर निगम सोनीपत की आपत्तियों और कथित भ्रष्टाचार रहा।

प्रधान अत्तर सिंह ने कहा कि इस भूमि पर वर्षों से ग्रामीणों के सहयोग से करोड़ों रुपये की लागत से मंदिर और 71 फीट ऊंची शिव प्रतिमा का निर्माण हो रहा है, जो उत्तर भारत का सबसे भव्य मंदिर बनेगा। मंदिर परिसर में ट्रैक, छायादार वृक्ष और बच्चों के लिए खेल मैदान भी विकसित किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम के एसडीओ मंजीत दहिया द्वारा फाइल बंद करने के नाम पर धन की मांग की गई, जो समिति द्वारा अस्वीकार कर दी गई। सरोहा खाप प्रधान सतीश सरोहा ने दो टूक कहा कि ग्रामीण कोर्ट के फैसले को तो मानेंगे, लेकिन नगर निगम की जबरदस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### इन बिंदुओं पर की बात

- उक्त जमीन पहले से ग्रामीणों की
- खेवट में दर्ज है और इसका सौंदर्यीकरण समिति के माध्यम से किया गया है।
- वर्ष 2012 से यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है और निचली अदालत समिति के पक्ष में निर्णय दे चुकी है।
- नगर निगम विरोध आंदोलन के बाद प्रशासन और ग्रामीणों के बीच 6 बिंदुओं पर सहमति बनी थी, जिसे अब दरकिनार किया जा रहा है।


## गोशाला वाली गली में दूषित पानी से लोग परेशान

गन्नौर। हरिनगर स्थित श्री कृष्ण प्रणामी गोशाला व मंदिर की जाने वाली मुख्य गली में नाले का दूषित पानी लगातार भरा रहता है। स्थिति यह है कि करीब 1 फुट तक पानी सड़क पर हर समय जमा रहता है, जिससे श्रद्धालुओं को मंदिर और गोशाला तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद नगरपालिका ने अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया। यह गली कीचड़, बदबू और गंदगी से भरी रहती है। श्रद्धालुओं को गोशाला व मंदिर में पूजा आयोजनों में शामिल होने के लिए इसी दूषित पानी से होकर गुजरना पड़ता है। इससे न केवल असुविधा होती है, बल्कि संक्रमण और बीमारियों का भी खतरा बना रहता है। स्थानीय निवासी कहते हैं कि अफसर सिर्फ दफ्तरों तक सीमित हैं, उन्हें जमीन पर उतरकर भी देखना चाहिए कि लोग किन हालात में जी रहे हैं। प्रशासन की अनदेखी के चलते यह समस्या अब बड़ी बनती जा रही है। स्थानीय लोगों ने जल्द से जल्द गली की सफाई और जलनिकासी व्यवस्था सुधारने की मांग की है।


गन्नौर। श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर गोशाला वाली गली में जमा दूषित पानी।

## अवैध कब्जों को लेकर नपा की बैठक आयोजित

खरखौदा। गुरुवार को चेयरमैन हीरालाल की अध्यक्षता में नगरपालिका की एक आपातकालीन बैठक की गई। जिसमें शहर में विभिन्न जगहों पर हो रहे अवैध कब्जे व अन्य समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। ज्ञात हो कि हाल ही में रोहतक बायपास स्थित सीएनजी पंप के पास पीछे किए जा रहे अवैध कब्जे का प्रयास लेकर पार्षदों का कहना था कि अवैध कब्जाधारी द्वारा वहां पर मिट्टी डालकर पिलर लगाए गए हैं। जिस पर कार्रवाई करते हुए नगर पालिका ने वहां पर मिट्टी को उठा दिया था। लेकिन अवैध कब्जाधारी द्वारा फिर से वहां पर कब्जा किया जा रहा है। इतना ही नहीं, फर्जी दस्तावेज तैयार करके न्यायालय की शरण ली है। इसका जवाब देते हुए नपा सचिव पंकज जून ने कहा कि जो अवैध कब्जा धारी द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर कर न्यायालय में पेश किए गए हैं उन्होंने भी अवैध कब्जा दरी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है। नगर पालिका द्वारा न्यायालय से अपील की गई है कि इस मामले की शीघ्रता से सुनवाई की जाए।


गन्नौर। पुराने मार्केट कमेटी कार्यालय का जर्जर भवन।

## पुराने मार्केट कमेटी कार्यालय के जर्जर भवन को तोड़ कर जमीन खाली करवाने की मांग

गन्नौर। रेलवे सिटिजन पार्क के सामने कई सालों से बंद पड़ा मार्केट कमेटी का पुराना कार्यालय कंडम हो चुका है। जिस वजह से यह कार्यालय अब नशेड़ियों और असमाजिक तत्वों का अड्डा बनते जा रहे हैं। शाम होते ही क्षेत्र के शराबी, चोर व नशेड़ी इस अपने उपयोग में लेते हैं। इससे यहां का माहौल खराब हो रहा है। वार्ड 15 की पार्षद शिवानी जैन ने इस संबंध में समाधान शिविर में शिकायत भी दर्ज करवाई है। पार्षद शिवानी जैन ने बताया कि मार्केट कमेटी का पुराना जर्जर भवन 1200 गज में फैला है। यह कार्यालय कई वर्षों से बंद है, जिससे यह जमीन किसी काम में नहीं आ रही। उन्होंने शिकायत में एसडीएम प्रवेश कादियान से कंडम भवन तोड़ कर जमीन खाली करवाने की मांग की है, जिससे आस-पास के लोग खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें।

**ट्यूबवेल वाली जगह की सफाई करवाने की मांग-**
पार्षद शिवानी जैन ने शिकायत दी कि पुरानी अनाज मंडी के पीछे जिस जगह जनस्वास्थ्य विभाग का ट्यूबवेल लगा है वहां गंदगी के ढेर लगे हैं। उसकी सफाई करवाने के साथ ही वहां चार दीवारी करवाई जानी चाहिए। इसके साथ ही पार्षद ने रेलवे रोड से पुराने मार्केट कमेटी रोड पर स्ट्रीट लाइटें लगवाने की भी मांग की है।

## 3.5 एकड़ भूमि पर विकसित हो रही कॉलोनी पर चला पंजा

गन्नौर। जिला नगर योजनाकार विभाग ने वीरवार को गन्नौर-अगवानपुर रोड पर पनप रही अवैध कालोनियों और निर्माणों को ध्वस्त करने के लिए अभियान चलाया गया। जिला नगर योजनाकार अधिकारी अजमेर सिंह के नेतृत्व में विभाग की टीम पुलिस बल के साथ जेसीबी को लेकर पहुंची। टीम ने लगभग 3.5 एकड़ भूमि पर विकसित हो रही कालोनी पर कार्रवाई करते हुए 5 डीपीसी, एक बाउंड्री वाल व कच्चा रोड को ध्वस्त किया गया। जिला नगर योजनाकार ने स्पष्ट किया कि किसी भी अवेध निर्माण, कालोनी के निर्माण की अनुमति नहीं है। विभाग द्वारा सभी क्षेत्रों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और यदि कोई व्यक्ति अवेध कालोनी विकसित करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील करी कि अवैध कालोनियों से संबंधित शिकायत जिला नगर योजनाकार विभाग को दें ताकि कार्रवाई की जाए।


सोनीतप। ऋषिकुल विद्यापीठ में कार्यक्रम के दौरान वक्तागण साथ में विद्यालय का स्टाफ।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सेमिनार का आयोजन

सोनीपत। ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत में शिक्षकों हेतु ग्रीष्मकालीन सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी अध्यापकों ने हिस्सा लिया। ग्रीष्मकालीन शिविर का यह कार्यक्रम 23 जून से 28 जून तक जारी रहेगा। आज सेमिनार के चौथे दिन का मुख्य विषय कक्षा में समग्र विकास वातावरण रहा। शिविर का उद्देश्य रौचक शिक्षण पद्धति पर आवश्यक ज्ञानवर्धन और उस पर आधारित नवीनतम शिक्षण विधियों से अवगत कराना है। सेमिनार की प्रतिनिधि अनीता बहादुर ने विभिन्न नवीन शिक्षण विधियों पर आधारित विषयों पर अथक रोचक चर्चा की तथा शिक्षा को आकर्षक बनाने वाले तथ्यों की जानकारी दी। विभिन्न आनंदित गतिविधियों के माध्यम से कक्षा कक्ष को खुशनुमा रखने के गुर सिखाए तथा चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. अतुल मित्तल ने विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के शिक्षण हेतु महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा ने सभी अध्यापकों को संबोधित किया तथा बताया कि अध्यापन का प्रथम नियम कक्षा कक्ष का आकर्षक वातावरण होता है। समय की मांग के अनुसार चलकर ही शिक्षक बेहतर तरीके से विद्यार्थियों के मार्गदर्शन और उनके भविष्य को संवारने में मदद कर सकते हैं। विद्यालय के निदेशक धीरज शर्मा ने बताया कि कक्षा का माहौल ही विद्यार्थी तथा अध्यापक के मध्य तालमेल निर्धारित करता हैऔर सीखने की लालसा उजागर करता है। ग्लोबल आउटरीच डायरेक्टर अर्चना शर्मा ने बताया कि कक्षा का माहौल सकारात्मक, सुरक्षित और सीखने के लिए अनुकूल होना चाहिए ताकि विद्यार्थियों को अपनी बात कहने और प्रश्न पूछने में सहज महसूस हो सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**जागरूकता** | जीआरपी ने गोहाना में रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को नशे के प्रति किया जागरूक

# नशा करने से स्वास्थ्य और धन दोनों की बर्बादी : एसआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) द्वारा गुरुवार को गोहाना में रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को नशा न करने के लिए जागरूक किया। यात्रियों को नशा न करने की सामूहिक शपथ भी दिलाई गई। जीआरपी द्वारा 12 जून से नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 26 जून तक चलेगा। अभियान के तहत जीआरपी पुलिस चौकी इंचार्ज गोहाना एसआई बलवान सिंह ने अपनी पुलिस टीम के साथ यात्रियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। एसआई ने कहा कि युवाओं में नशे की लत समाज को खोखला कर रही है। नशे की लत से स्वास्थ्य और धन दोनों की बर्बादी है। युवा नशे की लत से बचें और पढ़ाई व खेलों में अपने कॅरियर का निर्माण करें। कार्यक्रम में जीआरपी टीम में एएसआई पूनम वव सिपाही सुधीर भी मौजूद रहे।


गोहाना। यात्रियों को जागरूक करते हुए एसआई बलवान सिंह।

## समाज में अधिकतर अपराधों की वजह नशा : विजय

सोनीपत। अम्बाला छावनी के दिशा-निर्देशों के तहत थाना राजकीय रेलवे पुलिस सोनीपत ने रेलवे स्टेशन सोनीपत पर नशा मुक्त अभियान चलाया। इस दौरान यात्रियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया और नशा न करने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान यात्रियों को जागरूक करते हुए निरीक्षक विजय पाल ने बताया कि समाज में अधिकांश अपराध नशे के कारण ही हो रहे है। शराब ,गुटखा, सिगरेट, बीड़ी , खैनी आदि का चलन बढ़ रहा है। पहले युवा नशा शौक के कारण करता है और बाद मे धीरे धीरे वह अन्य जानलेवा नशे हेरोईन, अफीम , पोस्त आदि लेना शुरु कर देता है। बाद में नशे की लत पड़ने पर उसका जीवन बर्बाद हो जाता है। नशे की बुरी लत से हमारे स्वास्थ्य के साथ साथ धन की भी हानि होती है। नशे से हजारों घर बर्बाद हो चुके है। नौजवान बच्चे शौक शौक में नशे की बुरी लत को पाल लेते हैं। बाद में नशे की पूर्ति के लिए क्राइम का सहारा लेते हैं जिसमें नौजवान चोरी, स्नैचिंग, लूट तथा अवैध हथियार के साथ वारदातों को अंजाम देते हैं। जिसके कारण उनकी हंसती खेलती जिंदगी बर्बाद हो जाती है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने व खेलों की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और कहा अगर उनके आस-पास कोई नशा करता या बेचता हुआ पाया जाता है तो इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें।


सोनीपत। यात्रियों को जागरूक करते हुए पुलिस कर्मचारी।